रजिस्ट्री सं० डी० (डी)-73 REGISTERED No. D.(D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 46] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 18, 1978/ कार्तिक 27, 1900
No. 46] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 18, 1978/KARTIKA 27, 1900

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

भारत निर्वाचन आयोग

आदेश

नई दिल्ली, 6 सितम्बर, 1978

का०आ० 3313.—निर्वाचन आयोग को यह समाधान हो चुका है कि जून, 1977 में हुए विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 220-सौसर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री अंडनामदेव राजाराम कोरडे, सिविल लाईन सौसर, जिला छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग को यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री अंडनामदेव राजाराम कोरडे को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० म०प्र०वि०स०/220/77]

वी० नागसुब्रमेनियम, सचिव

ELECTION COMMISSION OF INDIA

ORDER

New Delhi, the 6th September, 1978

S.O. 3313.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri And. Namdev Rajaram Korde, Civil Lines, Sausar, *District Chhindwara (Madhya Pradesh)*, who was a contesting candidate for general election to the Legislative Assembly from 220-Sausar held in June, 1977 has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder,

And whereas, the said candidate even after the due notice, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri And. Namdev Rajaram Korde to be disqualified for being chosen as and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. MP-LA/220/77]

T. NAGASUBRAMANIAN, Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर, 1978

का०आ० 3314.—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि मार्च, 1977 में हुए केरल विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 30-सुलतान की बैटरी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री वजहावत्ता भारथन, पुत्र वोलान मुथान्गा, डाकघर नूलपूझा, जिला कोझीकोड (केरल राज्य) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं और यतः, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री वजहावत्ता भारथन को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० केरल-वि०स०/30/77

ORDER

New Delhi, the 20th October, 1978

S.O. 3314.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Vazhavatta Bharathan, S/o Volan Muthanga, P.O. Noolpuzha, District Kozhikode (Kerala State), a contesting candidate for general election to the Kerala Legislative Assembly held in March, 1977 from 30-Sultan's Battery constituency, has failed to lodge an account of his election expenses at all as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas the said candidate, even after due notices, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is further satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Vazhavatta Bharathan to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. KL-LA/30/77]

आदेश

नई दिल्ली, 24 अक्तूबर, 1978

का० आ० 3315.—निर्वाचन आयोग को यह समाधान हो चुका है कि जून, 1977 में हुए विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए हरियाणा 69-बवानी खेड़ा (अ०जा०) निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री राम सिंह, ग्राम व डा० बारसी, तह० बवानी खेड़ा, जिला भिवानी (हरियाणा) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग को यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री राम सिंह को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान-सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० हरि० वि०स०/69/77]

टी० नागरत्नम, सचिव

ORDER

New Delhi, the 24th October, 1978

S.O. 3315.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Ram Singh, Village and P.O. Barsi, Tehsil Bawani Khera, District Bhiwani (Haryana who was a contesting candidate for general election to the Legislative Assembly from 69 Bawani Khera (SC) held in June, 1977 has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after the due notice, has not given any satisfactory reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Ram Singh to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. HN-LA/69/77]

T. NAGARATHNAM, Secy.

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बीमा प्रभाग)

नई दिल्ली, 4 नवम्बर, 1978

का०आ० 3316.—केन्द्रीय सरकार, जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 (1956 का 31) की धारा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री जे० माथन को, श्री एस० रंगराजन के स्थान पर, एतद्द्वारा 12 नवम्बर, 1978 से 24 जुलाई, 1980 तक भारतीय जीवन बीमा निगम का अध्यक्ष नियुक्त करती है।

[फा०सं० 81(1)-बीमा II-77]

शिव दयाल रहेजा, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

(Insurance Division)

New Delhi, the 4th November, 1978

S.O. 3316.—In exercise of the powers conferred by section 4 of the Life Insurance Corporation Act, 1956 (31 of 1956), the Central Government hereby appoints Shri J. Matthan as Chairman of the Life Insurance Corporation of India vice Shri S. Rangarajan, with effect from the 12th November, 1978 to the 24th July, 1980.

[F. No. 81(1)-Ins. II/77]

S. D. RAHEJA, Under Secy.

वाणिज्य नागरिक आपूर्ति और सहकारिता मंत्रालय

(नागरिक पूर्ति और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, 21 अक्तूबर, 1978

का० आ० 3317.—केन्द्रीय सरकार, अग्रिम संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1952 (1952 का 74) की धारा 5 के अधीन इण्डियन एक्सचेंज लिमिटेड अमृतसर द्वारा मान्यता के नवीकरण के लिये किये गये आवेदन पर वायदा बाजार आयोग के परामर्श से विचार करके और यह समाधान हो जाने पर कि ऐसा करना व्यापार के हित में और लोक-हित में भी होगा, एतद्द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 6 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त एक्सचेंज को गुड़ की अग्रिम संविदाओं के बारे में, 10 अगस्त, 1978 से 9 अगस्त, 1979 (जिसमें ये दोनों दिन भी सम्मिलित हैं) की एक वर्ष की अतिरिक्त कालावधि के लिए मान्यता प्रदान करती है ।

2 एतद्द्वारा प्रदत्त मान्यता इस शर्त के अधीन है कि उक्त एक्सचेंज ऐसे निदेशों का अनुपालन करेगा जो वायदा बाजार आयोग द्वारा समय समय पर दिए जाएं ।

[सिविल संख्या 12(19)-आई०टी/78]

के० एस० मैथ्यू, उप सचिव

MINISTRY OF COMMERCE, CIVIL SUPPLIES & COOPERATION

(Department of Supplies and Cooperation)

New Delhi, the 21st October, 1978

S.O. 3317.—The Central Government, in consultation with Forward Markets Commission, having considered the application for renewal of recognition made under Section 5 of the Forward Contracts (Regulation) Act, 1952 (74 of 1952) by the Indian Exchange Ltd., Amritsar and being satisfied that it would be in the interest of the trade and also in the public interest so to do, hereby grants, in exercise of the powers conferred by Section 6 of the said Act, recognition to the said Exchange for a further period of one year from the 10th August 1978 to 9th August 1979 (both days inclusive) in respect of forward confraces in gur.

2. The recognition hereby granted is subject to the condition that the said Exchange shall comply with such directions as may, from time to time, be given by the Forward Markets Commission.

[F. No. 12(19)-IT/78]

K. S. MATHEW, Dy. Secy.

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

शुद्धिपत्र

नई दिल्ली, 3 नवम्बर, 1978

का०आ० 3318.—भारत के असाधारण राजपत्र के भाग-2, खंड 3, उपखंड (2) में 8 जून, 1978 को प्रकाशित इस मंत्रालय के आदेश सं० का० आ० 377 (ई) आई डी आर ए/21/1/78-पटसन में क्रमांक 9 तथा 19 की प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित प्रविष्टियां की जायेंगी ।

"9. अध्यक्ष,
भारतीय औद्योगिक वित्त निगम,
बैंक आफ बड़ौदा बिल्डिंग,
पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली ।

19. वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार उद्योग भवन, नई दिल्ली में पटसन से बने माल के निर्यात से संबंधित कार्य देखने वाले संयुक्त सचिव ।"

[फा सं० 21/1/78-जूट]

एन०एस० वैद्यनाथन, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF INDUSTRY

(Department of Industrial Development)

CORRIGENDUM

New Delhi, the 3rd November, 1978

S.O. 3318.—In this Ministry's Order No. S.O. 377(E)/IDRA/21/1/78-Jute published in the Gazette of India Extra-ordinary of the 8th June, 1978, in Part II, Section 3, Sub-section (ii), the entries appearing at serial Numbers 9 and 19 shall be delcted and substituted by the following :—

"9. Chairman,
Industrial Finance Corporation of India.
Bank of Baroda Building,
Parliament Street,
New Delhi.

19. Joint Secretary dealing with export of jute goods in the Ministry of Commerce,
Government of India,
Udyog Bhavan,
New Delhi."

[F. No. 21/1/78-Jute]

N. S. VAIDYANATHAN, Jt. Secy.

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, 18 सितम्बर, 1978

का० आ० 3319.—उत्प्रवास अधिनियम, 1922 (1922 का 7) खंड-3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए, केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय पासपोर्ट व उत्प्रवास कार्यालय, चण्डीगढ़ के जन-सम्पर्क अधिकारी, श्री टी० आर० आनन्द को अपने काम के अतिरिक्त तत्काल से अमृतसर हवाई अड्डे पर उत्प्रवासी संरक्षक भी नियुक्त करती है ।

[संख्या-सीपीईओ/31/78]

एस० सिवास्वामी, अवर सचिव

MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS

New Delhi, the 18th September, 1978

S.O. 3319.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Emigration Act, 1922 (7 of 1922), the Central Government hereby appoints Shri T.R. Anand, Public Relations Officer, Regional Passport and Emigration Office, Chandigarh to be Protector of Emigrants for the Amritsar Airport in addtion to this own duties with immdiate effect.

[No. C.P.E.O./31/78]

S. SIVASWAMI, Under Secy.

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्रालय

(पेट्रोलियम, विभाग)

नई दिल्ली, 30 अक्तूबर, 1978

का०आ० 3320.—यतः केन्द्रीय सरकार को यह प्रतीत होता है कि लोकहित में यह आवश्यक है कि गुजरात राज्य में कूप न० जी० जी० एस-VII से जी०जी०एस० I तक पैट्रोलियम के परिवहन के लिए पाइप लाइन तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा बिछाई जानी चाहिए ।

और यतः यह प्रतीत होता है कि ऐसी लाइनों को बिछाने के प्रयोजन के लिये एतद्पाबद्ध अनुसूची में वर्णित भूमि में उपयोग का अधिकार अर्जित करना आवश्यक है ।

अतः अब पैट्रोलियम और खनिज पाइप लाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने उसमें उपयोग का अधिकार अर्जित करने का अपना आशय एतद्द्वारा घोषित किया है ।

बशर्ते कि उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, उस भूमि के नीचे पाइप लाइन बिछाने के लिए आक्षेप सक्षम अधिकारी तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग, निर्माण और देखभाल प्रभाग, मकरपुरा रोड, बडोदरा - 9 की इस अधिसूचना की तारीख से 21 दिनों के भीतर कर सकेगा ।

और ऐसा आक्षेप करने वाला हर व्यक्ति विनिर्दिष्टतः यह भी कथन करेगा कि क्या वह यह चाहता है कि उसकी सुनवाई व्यक्तिगत हो या किसी विधि व्यवसायी की मार्फत ।

अनुसूची

जी० जी० एस VII से जी०जी० एस-I तक पाइप लाइन बिछाने के लिए

राज्य : गुजरात जिला व तालुका: गांधीनगर

गांव	सर्वे नं०	हेक्टेयर	ए	आरई सेन्टीयर
उवारसद . . .	1109/1	0	03	75
	1107	0	06	75
सेरथा . . .	722	0	03	75
	719	0	04	50

[सं० 12016/4/78-प्रोड०I]

MINISTRY OF PETROLEUM, CHEMICAL & FERTILIZER

(Department of Petroleum)

New Delhi, the 30th October, 1978

S.O. 3320.—Whereas it appears to the Central Government that it is necessary in the public interest that for the transport of petroleum from G.G.S. VII to G.G.S. I in Gujarat State pipeline should be laid by the Oil & Natural Gas Commission ;

And whereas it appears that for the purpose of laying such pipelines, it is necessary to acquire the right of user in the land described in the schedule annexed hereto ;

Now, therefore, in exercise of the powrs conferred by sub-section (1) of the section 3 of the Petroleum & Minerals Pipelines (Acquisition of right of user in land) Act, 1962 (50 of 1962), the Central Government hereby declares its intention to acquire the right of user therein ;

Provided that any person interested in the said land may, within 21 days from the date of this notification, object to the laying of the pipelines under the land to the Competent Authority, Oil & Natural Gas Commission, Construction & Maintenance Division, Makarpura Road, Vadodara-9 ;

And every person making such an objection shall also state specifically whether he wishes to be heard in person or by a legal practitioner.

SCHEDULE

Pipeline from GGS VII to GGS I

State : Gujarat District & Taluka : Gandhinagar

Village	Survey No.	Hec-tare	Are	Cen-tiare
Uvarsad . . .	1109/1	0	03	75
	1107	0	06	75
Sertha . . .	722	0	03	75
	719	0	04	50

[No. 12016/4/78-Prod. I]

का० आ० 3321.—यतः केन्द्रीय सरकार को यह प्रतीत होता है कि लोकहित में यह आवश्यक है कि गुजरात राज्य में कूप नं० सोभासण -36 से डब्लू एच आई-सोभासण-10 तक पैट्रोलियम के परिवहन के लिए पाइप लाइन तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा बिछाई जानी चाहिए ।

और यतः यह प्रतीत होता है कि ऐसी लाइनों को बिछाने के प्रयोजन के लिए एतद्पाबद्ध अनुसूची में वर्णित भूमि में उपयोग का अधिकार अर्जित करना आवश्यक है ।

अतः अब पैट्रोलियम और खनिज पाइप लाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने उसमें उपयोग का अधिकतर अर्जित करने का अपना आशय एतद्द्वारा घोषित किया है ।

बशर्ते कि उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, उस भूमि के नीचे पाइपलाइन बिछाने के लिए आक्षेप सक्षम अधिकारी, तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग, निर्माण और देखभाल प्रभाग, मकरपुरा रोड, बडोदरा-9 की इस अधिसूचना की तारीख से 21 दिनों के भीतर कर सकेगा ।

और ऐसा आक्षेप करनेवाला हर व्यक्ति विनिर्दिष्टतः यह भी कथन करेगा कि क्या वह यह चाहता है कि उसकी सुनवाई व्यक्तिगत हो या किसी विधि व्यवसायी के मार्फत ।

अनुसूची

कूप नं० सोभाषण 36 से डब्लू एच आई सोभासण 10 तक पाइप लाइन बिछाने के लिए

राज्य : गुजरात जिला और तालुका : मेहसाणा

गांव	सर्वेक्षण नं०	हेक्टेयर	ए आर ई	सेन्टीयर
कुकरा	318/पी	0	38	16
	322	0	03	00

[सं० 12016/4/78-प्रो०]

S.O. 3321.—Whereas it appears to the Central Government that it is necessary in the public interest that for the transport of petroleum from Sobhasan-36 to WHI Sobhasan-10 in Gujarat State pipeline should be laid by the Oil & Natural Gas Commission ;

And whereas it appears that for the purpose of laying such pipelines, it is necessary to acquire the right of user in the land described in the schedule annexed hereto ;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of the section 3 of the Petroleum & Minerals Pipelines (Acquisition of right of user in land) Act, 1962 (50 of 1962), the Central Government hereby declares its intention to acquire the right of user therein ;

Provided that any person interested in said land may, within 21 days from the date of this notification, object to the laying of the pipelines under the land to the Competent Authority, Oil & Natural Gas Commission, Construction & Maintenance Division, Makarpura Road Vadodara-9 ;

And every person making such an objection shall also state specifically whether he wishes to be heard in person or by a legal practitioner.

SCHEDULE

Acquisition of R.O.U. from well No. Sobhasan—36 to W.H.I. Sobhasan 10.

State : Gujarat District & Taluka : Mehsana

Village	Survey No.	Hectare	Are	Centiare
Kakus . . .	318/P	0	38	16
	322	0	03	00

[No. 12016/4/78-Prod.]

का०आ० 3322.—यतः केन्द्रीय सरकार को यह प्रतीत होता है कि लोकहित में यह आवश्यक है कि गुजरात राज्य में कूप नं० डी० एस-बी० एफ० एफ० से जी० जी० एस०-I तक पैट्रोलियम के परिवहन के लिए पाइप लाइन तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा बिछाई जानी चाहिए ;

और यतः यह प्रतीत होता है कि ऐसी लाइनों का बिछाने के प्रयोजन के लिए एतद्पाबद्ध अनुसूची में वर्णित भूमि में उपयोग का अधिकार अर्जित करना आवश्यक है ;

अतः अब पैट्रोलियम और खनिज पाइप लाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) अधिनियम, 1962 (1962 का 50) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार ने उसमें उपयोग का अधिकार अर्जित करने का अपना आशय एतद्द्वारा घोषित किया है ;

बशर्ते कि उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, उस भूमि के नीचे पाइप लाइन बिछाने के लिए आक्षेप सक्षम अधिकारी, तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग, निर्माण और देखभाल प्रभाग, मकरपुरा रोड, वडोदरा-9 को इस अधिसूचना की तारीख से 21 दिनों के भीतर कर सकेगा ;

और ऐसा आक्षेप करने वाला हर व्यक्ति विनिर्दिष्टतः यह भी कथन करेगा कि क्या वह यह चाहता है कि उसकी सुनवाई व्यक्तिगत हो या किसी विधि व्यवसायी की मार्फत ।

अनुसूची

डी० एस - बी० एफ० एफ० से जी० जी० एस-I तक पाइप लाइन बिछाने के लिए ।

राज्य: गुजरात जिला: खेडा तालुका: मातर

गांव	सर्वे० नं०	हक्टेयर	एआरई	सेन्टीयर
नवागाम	110	0	14	78
	109	0	06	70
	108	0	04	05
	107	0	02	55
	105	0	05	88
	104	0	15	50
	कार्ट ट्रैक	0	16	05
	660	0	05	70
	657	0	11	55
	655	0	04	95
	653	0	10	20
	651	0	03	30
	650	0	08	70
	671/2	0	06	00
	671/1	0	03	37
	693	0	03	45
	कार्ट ट्रेड	0	03	45
	688	0	06	45
	689/1	0	06	75
	690	0	05	85
	692/1	0	09	90
	कार्ट ट्रैक	0	02	00
	740/1	0	02	00

[सं० 12016/8/78-प्रो०]

स०म० य० नदीम, अवर सचिव

SO. 3322.—Whereas it appears to the Central Government that it is necessary in the public interest that for the transport of petroleum from D.S. BFF to G.G.S. 1 in Gujarat State pipeline should be laid by the Oil & Natural Gas Commission ;

And whereas it appears that for the purpose of laying such pipelines, it is necessary to acquire the right of user in the land described in the schedule annexed hereto ;

Now, therefore, in exercise of the powers confered by sub-section (1) of the section 3 of the Petroleum & Minerals Pipelines (Acquisition of right of user in land) Act, 1962 (50 of 1962), the Central Government hereby declares its intention to acquire the right of user therein ;

Provided that any person interested in the said land may, within 21 days from the date of his notification object to the laying of the pipelines under the land to the Competent Authority, Oil & Natural Gas Commission, Contruction & Mainteance Division, Makarpura Road, Vadodara—9;

And every person making such an objection shall also state specifically whether he wishes to be heard in person or by a leagal practitioner.

SCHEDULE

Pipeline from D.S. BFF to GGS I

State : Gujarat District : Kaira Taluka : Matar

Village	Survey No.	Hectare	Are	Centiare
1	2	3	4	5
Nawagam . .	110	0	14	78
	109	0	06	70
	108	0	04	05

1	2	3	4	5
	107	0	02	55
	105	0	05	88
	104	0	15	50
	Cart track	0	16	05
	660	0	05	70
	657	0	14	55
	655	0	04	95
	653	0	10	20
	651	0	03	30
	650	0	08	70
	671/2	0	06	00
	671/1	0	03	37
	693	0	03	45
	Cart track	0	03	45
	688	0	06	45
	689/1	0	06	75
	690	0	05	85
	692/1	0	09	90
	Cart track	0	02	00
	740/1	0	02	00

[No. 12016/8/78-Prod.]

S.M.Y. NADEEM, Under Secy.

ऊर्जा मंत्रालय

(कोयला विभाग)

नई दिल्ली, 30 सितम्बर, 1978

का०आ० 3323.—कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1973 (1973 का 26) की धारा 17 की उप-धारा (2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार श्री के० एच० चेनानी को एतद्द्वारा 16-8-1978 के पूर्वाह्न से सहायक भुगतान आयुक्त के पद पर नियुक्त करती है ।

[सं० 11023/17/78-सी०ए०]

जी०वी० जी० रामन, उप-सचिव

MINISTRY OF ENERGY

(Department of Coal)

New Delhi, the 30th September, 1978

S.O. 3323.—In exercise of the power conferred under sub-Section (2) of Section 17 of the Coal Mines (Nationalisation) Act, 1973 (26 of 1973) the Central Government hereby appoints Shri K. H. Chainani, as Assistant Commissioner of Payments w.e.f. the fore-noon of 16-8-1978.

[No. 11023|17|78-CA]

G. V. G. RAMAN, Dy.Secy.

नई दिल्ली, 4 नवम्बर, 1978

का०आ० 3324.—केन्द्रीय सरकार ने कोयला वाले क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 20) की धारा 4 की उप-धारा (1) के अधीन, भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय (कोयला विभाग) की अधिसूचना सं० का०आ० 3153, तारीख 28 अगस्त, 1976 द्वारा, इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट परिक्षेत्र में 7225.00 एकड़ (लगभग) या 2923.81 हैक्टेयर (लगभग) माप की भूमि में कोयले का पूर्वेक्षण करने के अपने आशय की सूचना दी थी ;

और उक्त भूमि की बावत, उक्त अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन कोई सूचना नहीं दी गई है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त धारा 7 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 28 अगस्त, 1978 से प्रारंभ होने वाली एक वर्ष की और अवधि को उस अवधि के रूप में विनिर्दिष्ट करती है जिसके भीतर केन्द्रीय सरकार ऐसी भूमि को या ऐसी भूमि में के किन्हीं अधिकारों को अर्जित करने के अपने आशय की सूचना दे सकेगी ।

अनुसूची

जयंती खंड

जयंती कोयला क्षेत्र

ड्रा० सं० ध राज्य 16/76
तारीख 1-3-76
(जिसमें पूर्वेक्षण के लिये अधिसूचित भूमियां वर्णित हैं)

क्रम सं०	ग्राम	ग्राम सं०	अंचल	उप-खण्ड	जिला	क्षेत्रफल	टिप्पणियां
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	कालाझारिया	1	जामतारा	जामतारा	संथाल परगना		भाग
2.	गिरा	467	करन	देवघर	,,		,,
3.	बेमुजानर	468	,,	,,	,,		,,
4.	खुरखुरिया	469	,,	,,	,,		,,
5.	भण्डारे	470	,,	,,	,,		,,
6.	धास्को	481	,,	,,	,,		,,
7.	खपरशाद	482	,,	,,	,,		पूर्ण

1	2	3	4	5	6	7	8
8.	खरजोरी	483	करन	देवघर	संथाल परगना		भाग
9.	काश्रो	539	,,	,,			,,
10.	बांसजोरा	540	,,	,,	,,		पूर्ण
11.	महुग्रातनर	541	,,	,,	,,		भाग
12.	सिमरा	553	,,	,,	,,		,,
13.	जगाडीह	554	,,	,,	,,		,,
14.	विगवाद	557	,,	,,	,,		,,
15.	वादिया	558	,,	,,	,,		पूर्ण
16.	हर्नी	559	,,	,,	,,		भाग
17.	सागरमांगा	592	,,	,,	,,		,,
18.	बासकुपी	594	,,	,,	,,		,,
19.	कालीबंध	595	,,	,,	,,		पूर्ण
20.	मिश्रा	596	,,	,,	,,		पूर्ण
21.	नागादरी	597	,,	,,	,,		भाग
22.	मोरजविहा	598	,,	,,	,,		,,
23.	बर्नमार	600	,,	,,	,,		,,
24.	सिरसिया	601	,,	,,	,,		पूर्ण
25.	बिराजपुर	602	,,	,,	,,		,,
26.	धनियावीह	603	,,	,,	,,		भाग
27.	काल्हो	604	,,	,,	,,		पूर्ण
28.	पहाड़वाहा या मदनकेटा	605	,,	,,	,,		भाग
29.	काठमिरखी	607	,,	,,	,,		,,
30.	गोरमारा	610	,,	,,	,,		,,
31.	बीरनगरिया	611	,,	,,	,,		पूर्ण
32.	चोवकियारी	618	,,	,,	,,		भाग
33.	गन्डुवा	619	,,	,,	,,		पूर्ण
34.	सिबातपर	620	,,	,,	,,		,,
35.	सोमबाक	621	,,	,,	,,		भाग
36.	केनाबरिया	622	,,	,,	,,		,,
37	रानीडी	640	,,	,,	,,		,,

कुल क्षेत्रफल : 7225.00 एकड़ (लगभग)
या 2923.81 हैक्टेयर (लगभग)

सीमा वर्णन :

ए–बी लाइन पिपरा, बेजुतानर, खूरखुरिया और भण्डारी ग्रामों से होकर जाती है ।

बी–सी लाइन देवघर उपखण्ड के भण्डारी, काश्रो, महुग्रातनर, सिमरा, जगाडीह, विगवाद, नागादरी, मोरविहा, बर्नमार, ग्रामों, जामतारा उपखण्ड के कालाझरिया तथा देवघर उपखण्ड के केनाबरिया और रानीडीह ग्रामों से होकर जाती है ।

सी–डी लाइन रानीडीह, सोनाबाक और चोवकियारी ग्रामों से होकर जाती है ।

डी–ई लाइन उस नदी की मध्य रेखा, जो चोवकियारी और मानीयातानर ग्रामों की आंशिक सामान्य सीमा है, चौवकियारी और जमदाबार, चौवकियारी और ग्रासनवानी, बीरनगरिया और जसोबांध, बीरनगरिया और कोईराकी, बीरनगरिया और चेकियाजोरी ग्रामों की या मान्य सीमा तथा बीरनगरिया और गोरमारा ग्रामों की आंशिक सामान्य सीमा के साथ-साथ जाती है ।

ई–एफ लाइन जोरमारा, काठमिरसी और सागरमांगा ग्रामों से होकर जाती है ।

एफ–जी लाइन बाधदारा नदी की (जो बासकुपी और सिलबरिया वादिया और नवाडीह ग्रामों की सामान्य सीमा है तथा वादिया और हर्नी ग्रामों की आंशिक सामान्य सीमा है) आंशिक मध्य रेखा के साथ साथ जाती है ।

जी–ए लाइन हर्नी, काश्रो, खरजोरी और पिपरा ग्रामों से होकर जाती है और प्रारम्भ बिन्दु "ए" पर मिलती है ।

टिप्पण :—एच–ग्राई–जे–के–एल–एम और एच के परिबद्ध प्रभाग को छोड़कर, जो बासकुपी, धनियाडीह ग्रामों से होकर, धनियावीह और पहाड़वाहा या मदनकेटा ग्रामों की आंशिक सामान्य सीमा के साथ-साथ और तत्पश्चात् सागरमांगा ग्राम से होकर जाती है ।

[फा० सं० 19/39/76-सी०ई०एल]
एस० ग्रार० ए० रिजवी, निदेशक

New Delhi, the 4th November, 1978

S.O. 3324.—Whereas by the notification of the Government of India in the Ministry of Energy (Department of Coal) No. S.O. 3153 of 28th August, 76, under sub-section (i) of section 4 of the Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Act, 1957 (20 of 1957), the Central Government gave notice of its intention to prospect for coal in lands measuring 7225.00 acres (approximately) or 2923.81 hect. (approximately) in the locality specified in the Schedule appended hereto :

And whereas in respect of the said lands, no notice under sub-section (1) of section 7 of the said Act has been given;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the said sub-section (1) of section 7, the Central Government hereby specifies a further period of one year commencing from the 28th August, 1978, as the period within which the Central Government may give notice of its intention to acquire the said lands or any rights in or over such lands.

SCHEDULE

Jayanti Block

Jayanti Coalfield

Drg. No. Rev. /16/76
Dated 1-3-76
(Showing lands notified for prospecting).

Sl. No.	Village	Village number	Anchal	Sub-Division	District	Area	Remarks
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	Kalajharia	1	Jamtara	Jamtara	Santhal Pargana		Part
2.	Pipra	467	Karan	Deogarh	,,		,,
3.	Baijutam	468	,,	,,	,,		,,
4.	Khurkhuriya	469	,,	,,	,,		,,
5.	Bhandaro	470	,,	,,	,,		,,
6.	Ghasko	481	,,	,,	,,		,,
7.	Khamarbad	482	,,	,,	,,		Full
8.	Kharjori	483	,,	,,	,,		Part
9.	Kao	539	,,	,,	,,		,,
10.	Bansjora	540	,,	,,	,,		Full
11.	Manuatanr	541	,,	,,	,,		Part
12.	Simra	553	,,	,,	,,		,,
13.	Jagadih	554	,,	,,	,,		,,
14.	Digbad	557	,,	,,	,,		,,
15.	Badiya	558	,,	,,	,,		Full
16.	Harni	559	,,	,,	,,		Part
17.	Sagarbhanga	592	,,	,,	,,		,,
18.	Baskupi	594	,,	,,	,,		,,
19.	Kalibandh	595	,,	,,	,,		Full
20.	Misra	596	,,	,,	,,		,,
21.	Nagadari	597	,,	,,	,,		Part
22.	Bhorandiha	598	,,	,,	,,		,,
23.	Burbshar	600	,,	,,	,,		,,
24.	Sirsiya	601	,,	,,	,,		Full
25.	Birajpur	602	,,	,,	,,		,,
26.	Dhaniyadih	603	,,	,,	,,		Part
27.	Kalho	604	,,	,,	,,		Full
28.	Pahardaha or Madanketa	605	,,	,,	,,		Part
29.	Kathmirkhi	607	,,	,,	,,		,,
30.	Gormara	610	,,	,,	,,		,,
31.	Birangariya	611	,,	,,	,,		Full
32.	Chobkiyari	618	,,	,,	,,		Part
33.	Ganduba	619	,,	,,	,,		Full
34.	Sivatanr	620	,,	,,	,,		,,
35.	Somabank	621	,,	,,	,,		Part
36.	Kenabariya	622	,,	,,	,,		,,
37.	Ranidi	640	,,	,,	,,		,,

Total area : 7225.00 acres (approx.)
or 2932.81 hect. (approx.)

BOUNDARY DESCRIPTION :

A B . . . line passes through villages Pipra, Baijutanr, Khurkhuriya and Bhandaro.

B-C . . . line passes through villages Bhandaro, Ghasko, Mahuatanr, Simra, Jagadih, Digbad, Nagadari, Bhorandiha, Burbshar of Deoghar Sub-division, Kalajharia of Jamtara Sub-division and Kenabariya & Ranidih of Deogarh Sub-division.

C-D . . . line passes through villages Ranidih, Sonabank, Chobkiyari.

D-E . . . line passes along the central line of the River which forms part common boundary with the villages of Chobkiyari and Naniyatanr, common boundary with the villages of Chobkiyari & Jamdabar, Chobkiyari and Asanbani, Chandiajori, part common boundary of villages Birangariya and Gormara.

E-F . . . line passes through villages Gormara, Kathmirkhi & Sagarbhanga.

F-G . . . line passes along the part Central line of Baghdara Nadi (which forms common boundary with the villages of Baskupi and Tilberiya, Badiya & Nawadih and forms part common boundary of villages Badiya and Harni).

G-A . . . line passes through villages Harni, Kao, Kharijari and Pipra and meets at starting point 'A'.

Note :—Excluding the portion bounded by H-I-J-K-L-M-N-and H which passes through villages Baskupi, Dhaniyadih, along the part common boundary of villages Dhaniyadih & Pahardana or Madankata through village Pahardaha and Kathmirkhi along the part common boundary of villages Sagarbhanga & Kashitanr then through village Sagarbhanga.

[No. 19(39)76-CEL]

S. R. A. RIZVI, Director

स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय

(होम्योपैथिक डेस्क)

नई दिल्ली, 4 नवम्बर, 1978

का०आ० 3325—होम्योपैथी केन्द्रीय परिषद् अधिनियम, 1973 (1973 का 59) की धारा 13 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार होम्योपैथी की केन्द्रीय परिषद् से परामर्श करने के पश्चात् एतद्द्वारा उक्त अधिनियम की द्वितीय सूची में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अनुसूची में उड़ीसा से संबंधित मद 13 और उसकी प्रविष्टियों के बाद निम्नलिखित मद और प्रविष्टि रखी जायेंगी, अर्थात् :—

"राजस्थान :

13क. राजस्थान होम्योपैथिक मेडिकल कालेज और अस्पताल, जयपुर।	होम्योपैथिक चिकित्सा और शल्य चिकित्सा में डिप्लोमा।	डी०एच०एम०एस०	1969 से 1973 तक

तमिलनाडु :

13ख. तमिलनाडु होम्योपैथिक परिषद्, मद्रास।	होम्योपैथिक चिकित्सा और शल्य चिकित्सा में डिप्लोमा।	डी०एच०एम० एस०	1973-1974 के दौरान।"

[सं० वी०-27021/1/78-होम्यो०]

के० बी० पिल्लै, उप-सचिव

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

(Homoeopathic Desk)

New Delhi, the 4th November, 1978

S.O. 3325.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 13 of the Homoeopathy Central Council Act, 1973 (59 of 1973), the Central Government, after consulting the Central Council of Homoeopathy, hereby makes the following amendments in the Second Schedule to the said Act, namely:

In the said Schedule, after item 13, relating to Orissa and the entries thereto, the following items and the entries shall be inserted, namely :—

"Rajasthan :

13 A. Rajasthan Homoeopathic Medical College and Hospital, Jaipur.	Diploma in Homoeopathic Medicine and Surgery.	D.H.M.S.	from 1969 to 1973

Tamil Nadu :

13 B. Tamil Nadu Homoeopathic Council, Madras.	Diploma in Homoeopathic Medicine and Surgery.	D.H.M.S.	during 1973-74".

[No. V-27021/1/78- Homoeo]

K.B. PILLAI, Dy. Decy.

कृषि और सिंचाई मंत्रालय

(खाद्य विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 28 अक्तूबर, 1978

का०आ० 3326—अतः केन्द्रीय सरकार ने खाद्य विभाग, क्षेत्रीय खाद्य निदेशालयों, उपाप्ति निदेशालयों और खाद्य विभाग के वेतन तथा लेखा कार्यालयों द्वारा किये जाने वाले खाद्यान्नों के क्रय, भण्डारकरण, संचलन, परिवहन, वितरण तथा विक्रय के कृत्यों का पालन करना बन्द कर दिया है जोकि खाद्य निगम अधिनियम, 1964 (1964 का 37) की धारा 13 के अधीन भारतीय खाद्य निगम के कृत्य हैं ।

और यतः खाद्य विभाग, क्षेत्रीय खाद्य निदेशालयों, उपाप्ति निदेशालयों और खाद्य विभाग के वेतन तथा लेखा कार्यालयों में कार्य कर रहे और उपरिवर्णित कृत्यों के पालन में लगे निम्नलिखित अधिकारियों और कर्मचारियों ने केन्द्रीय सरकार के तारीख 16 अप्रैल, 1971 के परिपत्र के प्रत्युत्तर में उसमें विनिर्दिष्ट तारीख के अन्दर भारतीय खाद्य निगम के कर्मचारी न बनने के अपने आशय की उक्त अधिनियम की धारा 12ए की उपधारा (1) के परन्तुक द्वारा यथा अपेक्षित सूचना नहीं दी है।

अत: अब खाद्य निगम अधिनियम, 1964 (1964 का 37) यथा अद्यतन संशोधित की धारा 12ए द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित कर्मचारियों को प्रत्येक के सामने दी गई तारीख से भारतीय खाद्य निगम में स्थानान्तरित करती है :—

क्रम संख्या	अधिकारी/कर्मचारी का नाम	केन्द्रीय सरकार के अधीन किस पद पर स्थायी है	स्थानान्तरण के समय केन्द्रीय सरकार के किस पद पर है	भारतीय खाद्य निगम की स्थानान्तरण की तारीख
1	2	3	4	5
1.	श्री पदम सिंह	कनिष्ठ गोदाम रक्षक	वरिष्ठ गोदाम रक्षक	1-3-69
2.	श्री अरविंद सरकार	गोदाम लिपिक	गोदाम लिपिक	1-3-69
3.	श्री निखिल राजन घोष	चौकीदार	चौकीदार	1-3-69
4.	श्री रतन बहादुर सनवार	—वही—	—वही—	1-3-69
5.	श्री साधन कुमार दे	—वही—	—वही—	1-3-69
6.	श्री सत्य रंजन बिसवास	—वही—	—वही—	1-3-69
7.	श्री राम सरण पासवान	—वही—	—वही—	1-3-69
8.	श्री मो० सुलेमान खान	—वही—	—वही—	1-3-69
9.	श्री राम देव प्रसाद	—	गोदाम लिपिक	1-3-69
10.	श्री परिचन साव	स्टिचर	स्टिचर	1-3-69
11.	श्री श्याम बाबू यादव	—	चौकीदार	1-3-69
12.	श्री इन्द्रकान्त झा	—	—वही—	1-3-69
13.	श्री महेन्द्र झा	चौकीदार	—वही—	1-3-69
14.	श्री पी० दास गुप्त	गुण निरीक्षक	गुण निरीक्षक	1-3-69
15.	श्री हबीबुर रहमान	—	चौकीदार	1-3-69

[फाइल सं० 52/14/74-एफ०सी० 3-/वाल्य 6]
बख्शी राम, उप सचिव

MINISTRY OF AGRICULTURE AND IRRIGATION

(Department of Food)

ORDER

New Delhi, the 28th October, 1978

S. O. 3326.—Whereas the Central Government has ceased to perform the functions of purchase, storage, movement, transport, distribution and sale of foodgrains done by the Department of Food, the Regional Directorates of Food, the Procurement Directors and the Pay & Accounts Offices of the Department of Food which under Section 13 of the Food Corporations Act, 1964 (37 of 1964) are the functions of the Food Corporation of India.

And whereas the following officers and employees serving in the Department of Food, the Regional Directorate of Food, the Procurement Directorates and the Pay & Accounts Offices of the Department of Food and engaged in the performance of the functions mentioned above have not, in response to the Circular of the Central Government dated the 16th April, 1971 intimated, within the date specified therein, their intention of not becoming employees of the Food Corporations of India as required by the proviso to sub-Section (I) of Section 12A of the said Act;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by Section 12A of the Food Corporations Act, 1964 (37 of 1964) as amended upto date the Central Government hereby transfer the following officers and employees to the Food Corporation of India with effect from the date mentioned against each of them.

Sl. No.	Name of the Officer/ employees	Permanent post held under the Central Govt.	Post held under the Central Govt. at the time of transfer	Date of transfer to the FCI
1	2	3	4	5
1.	Sh. Padam Singh	Jr. Godown Keeper	Sr. Godown Keeper	1-3-69
2.	Sh. Arabinda Sarkar	Godown Clerk	Godown Clerk	1-3-69
3.	Sh. Nikhil Rajan Ghosh	Watchman	Watchman	1-3-69
4.	Sh. Ratan Bahadur Sanwar	Do.	Do.	1-3-69
5.	Sh. Sadhan Kr. Dey	Do.	Do.	1-3-69
6.	Sh. Satya Ranjan Biswas	Do.	Do.	1-3-69
7.	Sh. Ram Saran Paswan	Do.	Do.	1-3-69
8.	Sh. Md. Suleman Khan	Do.	Do.	1-3-69
9.	Sh. Ram Deo Prasad	—	Godown Clerk	1-3-69
10.	Sh. Parichan Sao	Stitcher	Stitcher	1-3-69
11.	Sh. Shyam Babu Jadav	—	Watchman	1-3-69
12.	Sh. Indra Kant Jha	—	Do.	1-3-69
13.	Sh. Mahendra Jha	Watchman	Do.	1-3-69
14.	Sh. P. Das Gupta	Quality Inspector	Quality Inspector	1-3-69
15.	Sh. Habibur Rahaman.	—	Watchman	1-3-69

[No. 52/14/74-FC. III (Vol. VI)]
BAKHSHI RAM, Dy. Secy.

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, 24 अक्तूबर, 1978

आदेश

का० आ० 3327.—यत: केन्द्रीय सरकार की राय है कि इस से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट के बारे में मैसर्स मंगलौर हार्बर प्रोजेक्ट, पनाम्बुर (अब नया मंगलौर पत्तन) के प्रबन्धतन्त्र से सम्बद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच एक औद्योगिक विवाद विद्यमान है;

और यतः केन्द्रीय सरकार उक्त विवाद को न्यायनिर्णयन के लिये निर्देशित करना वांछनीय समझती है ;

अतः, अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 7क और धारा 10 की उप-धारा (1) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा एक औद्योगिक अधिकरण गठित करती है जिसके पीठासीन अधिकारी श्री एफ० एल० एफ० अल्वारस होंगे, जिनका मुख्यालय बंगलौर में होगा और उक्त विवाद को उक्त औद्योगिक अधिकरण को न्यायानिर्णयन के लिये निर्देशित करती है ।

अनुसूची

"क्या मंगलौर हार्बर प्रोजेक्ट पनाम्बुर (अब नया मंगलौर पत्तन) के प्रबन्धतन्त्र की श्री एम० के० चन्दप्पा, ड्राइवर, को 10 अक्तूबर, 1973 से छंटनी करने की कार्रवाई न्यायोचित है; यदि नहीं, तो कर्मकार किस अनुतोष का हकदार है ।"

[संख्या एल०-45012(1)/70-डी०4-ए०]
नन्द लाल, डेस्क अधिकारी

MINISTRY OF LABOUR

ORDER

New Delhi, the 24th October, 1978

